इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 20] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 20 मई 2011—वैशाख 30, शक 1933

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 6 मई 2011

क्र. ई-5-560-आयएएस-लीव-एक-5 .—(1) श्री मोहम्मद सुलेमान, आयएएस, सचिव, मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग को दिनांक 10 से 16 मई 2011 तक सात दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 17 मई 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री मोहम्मद सुलेमान को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री मोहम्मद सुलेमान को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मोहम्मद सुलेमान अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-780-आयएएस-लीव--5-एक .—(1) श्री डी. डी. अग्रवाल, आयएएस., कलेक्टर, जिला खण्डवा को दिनांक 9 मई 2011 से 4 जून 2011 तक सत्ताईस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 8 मई 2011 एवं 5 जून 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री डी. डी. अग्रवाल की अवकाश की अवधि में श्री आलोक कुमार सिंह, राप्रसे., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2011.

खण्डवा को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक कलेक्टर, जिला खण्डवा का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री डी. डी. अग्रवाल को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न कलेक्टर, जिला खण्डवा के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री डी. डी. अग्रवाल द्वारा कलेक्टर, जिला खण्डवा का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री आलोक कुमार सिंह, कलेक्टर, जिला खण्डवा के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री डी. डी. अग्रवाल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. डी. अग्रवाल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 7 मई 2011

क्र. ई-5-876-आयएएस-लीव -5-एक .—(1) श्री तेजस्वी एस. नायक, आयएएस., सहायक कलेक्टर, जिला होशंगाबाद को दिनांक 4 से 15 मार्च 2011 तक बारह दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री तेजस्वी एस. नायक को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न सहायक कलेक्टर, जिला होशंगाबाद के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री तेजस्वी एस. नायक को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री तेजस्वी एस. नायक अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-865-आयएएस-लीव -5-एक .—(1) श्री वी. किरण गोपाल, आयएएस., अनुविभागीय अधिकारी, पिपरिया को दिनांक 9 मई 2011 से 10 जून 2011 तक तैतीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 8 मई 2011 एवं 11, 12 जून 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री वी. किरण गोपाल को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अनुविभागीय अधिकारी, पिपरिया के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री वी. किरण गोपाल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री वी. किरण गोपाल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-693-आयएएस-लीव -एक-5 .—(1) श्री अरूण तिवारी, आयएएस.,सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को दिनांक 23 मई 2011 से 4 जून 2011 तक तेरह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अरूण तिवारी को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न सचिव, म. प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री अरूण तिवारी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अरूण तिवारी, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-497-आयएएस-लीव -एक-5 .—(1) श्री एस. पी. एस. परिहार, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को दिनांक 23 से 31 मई 2011 तक नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ 21 एवं 22 मई 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री एस. पी. एस. परिहार की अवकाश अवधि में श्री एस. एन. मिश्रा, आयएएस., आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा विभाग का कार्य देख सकेंगे.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री एस. पी. एस. परिहार को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) अवकाशकाल में श्री एस. पी. एस. परिहार को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(5) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. पी. एस. परिहार अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-498-आयएएस-लीव -एक-5 .—श्रीमती सूरज डामोर, आयएएस., आयुक्त-सह-संचालक (फील्ड), नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, इन्दौर को इस विभाग के आदेश क्रमांक ई-13-77-2010-5-एक, दिनांक 15 अप्रैल 2011 के द्वारा दिनांक 18 अप्रैल 2011 से 10 जून 2011 तक आयोजित अनिवार्य मिड केरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम फार आयएएस आफिसर्स- (फेस- IV-Rounds 5th) में भाग लेने के फलस्वरूप उक्त अवधि में इनके विभाग का प्रभार श्री प्रमोद कुमार दास, आयएएस, वि. क्र. अ.-सह-श्रमायुक्त, मध्यप्रदेश, इन्दौर को सौंपा गया था.

(2) राज्य शासन उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये श्री प्रमोद कुमार दास के स्थान पर श्री रजनीश वैश्य, आयएएस., वि. क. अ.-सह-सदस्य (पुनर्वास), नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण तथा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ आयुक्त-सह-संचालक (फील्ड), नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, इन्दौर का प्रभार देखा जा सकता है.

(3) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 30 अप्रैल 2011 एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 9 मई 2011

क्र. ई-5-486-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) श्री विनोद चन्द्र सेमवाल, आयएएस., वि. क. अ.-सह-आयुक्त, उद्योग, मध्यप्रदेश तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य उद्योग निगम तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य वस्त्र निगम तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 30 अप्रैल 2011 द्वारा दिनांक 2 से 7 मई 2011 तक छह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 1 एवं 8 मई 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी गई है.

(2) श्री विनोद चन्द्र सेमवाल की अवकाश की अवधि में श्री पी. के. दाश, आयएएस., प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ट्रेड एंड इंवेस्टेमेंट फेसिलिटेशन कार्पोरेशन लि. (ट्रायफेक) तथा पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ वि. क. अ.-सह-आयुक्त, उद्योग मध्यप्रदेश तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य उद्योग निगम तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य वस्त्र निगम तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 30 अप्रैल 2011 की शेष कंडिकाएं यथावत् रहेंगी.

क्र. ई-5-842-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) श्री सुरेन्द्र पाल सिंह सलूजा, आयएएस., अपर आयुक्त (राजस्व), ग्वालियर/चम्बल संभाग को दिनांक 18 से 31 मई 2011 तक चौदह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 17 मई 2011 के सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री सुरेन्द्र पाल सिंह सलूजा को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अपर आयुक्त (राजस्व), ग्वालियर/चम्बल संभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री सुरेन्द्र पाल सिंह सलूजा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सुरेन्द्र पाल सिंह सलूजा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-432-आयएएस-लीव -5-एक .—श्रीमती अमिता शर्मा, भाप्रसे (1981) को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 18 अप्रैल 2011 द्वारा दिनांक 18 से 30 अप्रैल 2011 तक तेरह दिन के स्वीकृत अर्जित अवकाश के अनुक्रम में दिनांक 1 मई 2011 से 15 जुलाई 2011 तक छियहत्तर दिन का अर्जित अवकाश और स्वीकृत किया जाता है.

क्र. ई-5-42-आयएएस-लीव -5-एक .—श्री प्रशांत मेहता, आयएएस., महानिदेशक, आर. सी. व्ही. पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 30 अप्रैल 2011 द्वारा दिनांक 20 से 26 मई 2011 तक सात दिन के स्वीकृत अर्जित अवकाश के अनुक्रम में दिनांक 27 से 28 मई 2011 तक दो दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 29 मई 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 30 अप्रैल 2011 की शेष कंडिकाएं यथावत् रहेंगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 7 मई, 2011

क्र. ई-5-821-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) श्री एस. सुहैल अली, भाप्रसे., सचिव, राजस्व मंडल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर को दिनांक 22 से 25 मार्च 2011 तक चार दिन का लघुकृत अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री एस. सुहैल अली को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न सचिव, राजस्व मंडल, मध्यप्रदेश ग्वालियर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री एस. सुहैल अली को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. सुहैल अली अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-841-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती जयश्री कियावत, आयएएस., कलेक्टर, जिला दतिया को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 30 अप्रैल 2011 द्वारा दिनांक 30 अप्रैल 2011 से 13 मई 2011 तक चौदह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया है. उक्त अवकाश में आंशिक संशोधन करते हुए अब उन्हें दिनांक 11 से 28 मई 2011 तक अठ्ठारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 29 मई 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 30 अप्रैल 2011 की शेष कंडिकाएं यथावत् रहेंगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. एस. तोमर, अवर सचिव ''कार्मिक''.

श्रम विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 28 मार्च 2011

क्र. 426-321-2011-ब-सोलह.—कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (34 सन् 1948) की धारा 87 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन एतद्द्वारा मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम को उक्त अधिनियम के प्रावधानों से दिनांक 1 अप्रैल 2010 से दिनांक 31 मार्च 2011 तक की अवधि के लिये इस शर्त पर छूट प्रदान करता है कि आवेदक पूर्व से विद्यमान चिकित्सकीय सुविधाओं का स्तर पूर्ववत् रखेगा तथा यथा संभव उसे उन्नत करेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
खेमराज माहौर, अवर सचिव.

ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 5 मई 2011

क्र. 4046-एफ.आर.एस.-8-तेरह-2007.—राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री पी. के. वैश्य, प्रबंध संचालक, एम. पी. पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमि. के नियुक्ति आदेश क्रमांक 3185-एफ.आर.एस.-8-13-2007 दिनांक 6 मई 2008 में आंशिक संशोधन करते हुए उनकी कार्यावधि तीन वर्ष के स्थान पर दिनांक 31 मार्च 2012 तक निर्धारित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. के. गुप्ता, अपर सचिव.

गृह (सामान्य) विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 5 मई 2011

क्र. एफ-03-26-2011-दो ए(3).—राज्य शासन द्वारा वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 19 जनवरी 2011 को प्रश्न-पत्र पुस्तपालन तथा कर निर्धारण (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
	उच्चस्तर	
	जबलपुर संभाग	
1	कु. विनीता जैस	वाणिज्यिक कर अधिकारी
	इन्दौर संभाग	
2	श्री फिरोज खान	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
	निम्नस्तर	
	जबलपुर संभाग	
1	श्री बेनी प्रसाद जंघेल	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
2	श्री ऋषी कुमार सूर्यवंशी	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
	भोपाल संभाग	
3	श्री योगेश कुमार लवानियां	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
4	श्री राम कुमार सिंह	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
5	श्री जीतेन्द्र सिंह चावड़ा	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
6	श्री हरि शंकर सोनी	कराधान सहायक
	ग्वालियर संभाग	
7	श्री आशीष चौधराना	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
8	श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा	वाणिज्यिक कर निरीक्षक

(1)	(2)	(3)
	सागर संभाग	
9	श्री कल्याण सिंह यादव	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
	इन्दौर संभाग	
10	श्री कमल विजयवर्गीय	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
11	श्री राजेन्द्र कुमार बिडारे	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
12	श्री बाबूलाल मरमट	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
13	श्री राजेन्द्र श्रोत्रिय	कराधान सहायक
14	श्रीमती गरिमा शुक्ला	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
15	श्रीमती करूणा माथुर	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
16	श्री लक्ष्मी प्रसाद पटेल	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
17	श्री सुरेश चन्द्र पाण्डेय	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
18	श्री विनय दीप खलखो	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
19	श्री संजय उज्जैनी	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
20	श्री जगदीश चन्द्र मरमट	कराधान सहायक
21	श्री गोपालकृष्ण मिश्रा	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
22	श्री विजय राठौर	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
23	श्री मगन सिंह मसानियां	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
24	श्री कमलेश कुमार चावण्ड	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
25	श्री चन्द्रशेखर ओझा	कराधान सहायक
26	श्री सत्यनारायण यदुवंशी	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
27	श्री मकसूद एहमद खान	कराधान सहायक
28	श्री जयराम सिंह मण्डलोई	कराधान सहायक
29	श्री सत्यनारायण धौसारिया	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
30	श्री क्रितेश कुमार शर्मा	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
31	श्री ललित कुमार सोमानी	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
32	श्री चन्द्रशेखर शुक्ला	कराधान सहायक
33	श्रीमती साधना शुक्ला	कराधान सहायक
34	श्री शेख अनवर	कराधान सहायक
35	श्री जयप्रकाश जोशी	कराधान सहायक
36	श्री सुनिल कुमार गोगडे	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
37	श्री कैलाश चन्द्र ठाकुर	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
38	श्री राजेन्द्र शिन्दे	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
39	श्री विजय कुमार तिवारी	कराधान सहायक
40	श्री मंगलेश कुमार चौरे	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
41	श्री पूनमचंद पाटीदार	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
42	श्री किशोर भगोरे	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
43	श्री सतीश जोशी	कराधान सहायक

क्र. एफ-03-28-2011-दो ए(3).—राज्य शासन द्वारा वन विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 21 जनवरी 2011 को प्रश्नपत्र तृतीय-प्रक्रिया तथा लेखा (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
	होशंगाबाद संभाग	
1	श्री राकेश कुमार भट्ट	सहायक वन संरक्षक
	इन्दौर संभाग	
2	श्री बुद्धिप्रकाश शर्मा	सहायक वन संरक्षक
3	श्री ओमप्रकाश शर्मा	सहायक वन संरक्षक
4	श्री अशोक व्ही. खराटे	सहायक वन संरक्षक
5	श्री अभय कुमार जैन	सहायक वन संरक्षक
	रीवा संभाग	
6	श्री एस. पी. मिश्रा	सहायक वन संरक्षक
7	श्री रामानन्द वर्मा	सहायक वन संरक्षक
8	श्री सी. एस. वर्मा	सहायक वन संरक्षक
9	श्री मदन मोहन द्विवेदी	सहायक वन संरक्षक
10	श्री पी. पी. एस. परिहार	सहायक वन संरक्षक
11	श्री अजय पटैरिया	वन क्षेत्रपाल
	सागर संभाग	
12	श्री आर. एन. द्विवेदी	वन क्षेत्रपाल
13	श्री चन्द्रप्रकाश शर्मा	सहायक वन संरक्षक
14	श्री आर. डी. शाक्य	उप वन संरक्षक
15	श्री गोवर्धन प्रसाद तिवारी	सहायक वन संरक्षक
16	श्री भूपत सिंह गौड़	वन क्षेत्रपाल
	ग्वालियर संभाग	
17	श्री वी. पी. उपाध्याय	सहायक वन संरक्षक
18	श्री रवीन्द्र कुमार शर्मा	सहायक वन संरक्षक
19	श्री आनन्द सिंह चौहान	रेंजर
20	श्री अशोक कुमार पराशर	सहायक वन संरक्षक
21	श्री राजीव कौशल	वन क्षेत्रपाल
	भोपाल संभाग	
22	श्री रवि खडे	वन क्षेत्रपाल
23	श्री विजय कुमार श्रीवास्तव	वन क्षेत्रपाल

(1)	(2)	(3)
24	श्री केशव नारायण सक्सेना	सहायक वन संरक्षक
25	श्री व्ही. के. अतुलकर	सहायक वन संरक्षक
26	श्री अनिल कुमार मिश्रा	सहायक वन संरक्षक
27	श्री अशोक कुमार जैन	वन क्षेत्रपाल
28	श्री विजय स्वरूप सक्सेना	सहायक वन संरक्षक
	उज्जैन संभाग	
29	श्री शंकर लाल यादव	वन क्षेत्रपाल
30	श्री अश्विनी कुमार वर्मा	सहायक वन संरक्षक
31	श्री दिनेश चन्द्र महाजन	वन क्षेत्रपाल
32	श्री के. एस. सूल्या	सहायक वन संरक्षक
	जबलपुर संभाग	
33	श्री वाई. पी. चौबे	सहायक वन संरक्षक
34	श्री अरुण कुमार हजारी	सहायक वन संरक्षक
35	श्री सी. बी. गुप्ता	सहायक वन संरक्षक
36	श्री जी. के. चतुर्वेदी	वन क्षेत्रपाल
37	डॉ. आर. के. गुरूदेव	वन क्षेत्रपाल
38	श्री श्रवण कुमार पाण्डेय	सहायक वन संरक्षक
39	श्री देवकरण सिंह गौड़	सहायक वन संरक्षक
40	श्री विनय कुमार पाण्डेय	वन क्षेत्रपाल
41	श्री आई. बी. गुप्ता	सहायक वन संरक्षक.

क्र. एफ-03-29-2011-दो-ए(3).—राज्य शासन द्वारा वन विभाग के अधिकारियों लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 19 जनवरी 2011 को प्रश्न पत्र द्वितीय-सामान्य विधि (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है:—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
	इंदौर संभाग	
1	श्री अशोक व्ही. खराटे	सहायक वन संरक्षक
2	श्री अभय कुमार जैन	सहायक वन संरक्षक
	उज्जैन संभाग	
3	श्री विलास चंद्र खण्डारे	सहायक वन संरक्षक
4	श्री अश्विनी कुमार वर्मा	सहायक वन संरक्षक
5	श्री हिम्मत सिंह खिंची	सहायक वन संरक्षक

(1)	(2)	(3)
	जबलपुर संभाग	
6	श्री वाई. पी. चौबे	सहायक वन संरक्षक
7	डॉ. आर. के. गुरूदेव	वन क्षेत्रपाल
	सागर संभाग	
8	श्री आर. डी. शाक्य	उप वन संरक्षक
	ग्वालियर संभाग	
9	श्री बी. आर. अहिरवार	सहायक वन संरक्षक
	भोपाल संभाग	
10	श्री कैलाश वर्मा	सहायक वन संरक्षक
11	श्री रवि खुडे	वन क्षेत्रपाल
12	श्री आलोक वर्मा	सहायक वन संरक्षक
13	श्री व्ही. के. अतुलकर	सहायक वन संरक्षक
14	श्री अनिल कुमार मिश्रा	सहायक वन संरक्षक
15	श्री उमाकांत पाण्डेय	सहायक वन संरक्षक
16	श्री डी. पी. उइके	सहायक वन संरक्षक
17	श्री आर. के. सक्सैना	सहायक वन संरक्षक
18	श्री अशोक कुमार जैन	वन क्षेत्रपाल
	रीवा संभाग	
19	श्री रामानन्द वर्मा	सहायक वन संरक्षक
20	श्री डी. सी. घोरमारे	सहायक वन संरक्षक.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अम्बरीश श्रीवास्तव, उपसचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 7 मई 2011

क्र. एफ-1(ए)147-90-ब-2-दो.— श्री सुधीर कुमार शाही, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (चयन) पु.मु. भोपाल को दिनांक 9 से 20 मई 2011 तक कुल बारह दिवस का अर्जित अवकाश, दिनांक 8, 21 एवं 22 मई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री सुधीर शाही, भापुसे उक्त अवकाश अवधि में खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम ब्लॉक वर्ष 2010-11 में गृह नगर अवकाश

यात्रा के बदले में उत्तर पूर्व क्षेत्र की अवकाश यात्रा सुविधा के अन्तर्गत अकेले ''तवांग'', (अरूणाचल प्रदेश) जाने की अनुमति दी जाती है.

(3) श्री सुधीर कुमार शाही, भापुसे की उक्त अवकाश अवधि में इन्हें सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन श्री के. बाबूराव, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, (अ. अ. वि.) पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ किया जायेगा.

(4) उक्त यात्रा हेतु स्वीकृत अवकाश का उपभोग करने के फलस्वरूप इनके अर्जित अवकाश खाते से 12 दिवस का अर्जित अवकाश घटाया जावेगा.

(5) उक्त अवकाश यात्रा के लिये इन्हें 10 दिवस के अवकाश नगदीकरण की पात्रता होगी एवं दस दिवस इनके अवकाश खाते में घटाये जायेंगे.

(6) श्री सुधीर कुमार शाही, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (चयन) पु. मु. भोपाल, का कार्यभार ग्रहण करने पर इनके अवकाश अवधि में इनके दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देशित अधिकारी उक्त से प्रभार से मुक्त होंगे.

(7) अवकाश से लौटने पर श्री सुधीर कुमार शाही , भापुसे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, (चयन) पु. मु., भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(8) अवकाशकाल में श्री सुधीर कुमार शाही, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(9) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सुधीर कुमार शाही भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 9 मई 2011

क्र. एफ-1(ए)20-92-ब-2-दो.— श्री पी. के. रूनवाल, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (नारकोटिक्स), पु.मु. भोपाल को दिनांक 25 जून 2011 से 8 जुलाई 2011 तक चौदह दिवस अर्जित अवकाश, दिनांक 9, 10 जुलाई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाकर उन्हें खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2010-11 में गृह नगर यात्रा के बदले में उत्तर पूर्वी क्षेत्र की यात्रा के तहत सपरिवार ''नुब्रा वेली, लेह, जम्मू एवं कश्मीर'' परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ अवकाश यात्रा पर जाने की अनुमति दी जाती है :—

1.	श्री पी. के रूनवाल	स्वयं
2.	श्रीमती ममता रूनवाल	पत्नी
3.	कु. प्रतीक्षा रूनवाल	पुत्री

(2) उक्त यात्रा हेतु श्री पी. के. रूनवाल, भापुसे को दस दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(3) उक्त अवकाश अवधि में श्री पी. के. रूनवाल, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (नारकोटिक्स), पु.मु., भोपाल का कार्य श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक (नारकोटिक्स), इन्दौर द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(4) अवकाश से लौटने पर श्री पी. के. रूनवाल, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, (नारकोटिक्स), पु.मु., भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) श्री पी. के. रूनवाल, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (नारकोटिक्स), पु.मु., भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (3) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव-अतिरिक्त कार्यभर से मुक्त होंगे.

(6) अवकाशकाल में श्री पी. के. रूनवाल, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(7) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री पी. के. रूनवाल, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ-1(ए)55-94-ब-2-दो.— श्री बी. बी. एस. ठाकुर, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (सतर्कता), अ.अ.वि., पु.मु., भोपाल, मध्यप्रदेश को दिनांक 7 से 16 मई 2011 तक कुल दस दिवस का अर्जित अवकाश दिनांक 17 मई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) उक्त अवकाश अवधि में श्री बी. बी. एस. ठाकुर, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (सतर्कता), अ.अ.वि., पु.मु., भोपाल का कार्य श्री के. एन. तिवारी, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, अ.अ.वि., पु.मु, भोपाल, मध्यप्रदेश द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) श्री बी. बी. एस. ठाकुर, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (सतर्कता), अ.अ.वि., पु.मु., भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर इनके अवकाश अवधि में इनके दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देशित अधिकारी उक्त प्रभार से स्वमेव मुक्त होंगे.

(4) अवकाश से लौटने पर श्री बी. बी. एस. ठाकुर, भापुसे, को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक (सर्तकता), अ.अ.वि., पु.मु., भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) अवकाशकाल में श्री बी. बी. एस. ठाकुर, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री बी. बी. एस. ठाकुर, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ-1(ए) 199-91-ब-2-दो.— श्रीमती सुषमा सिंह, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (पूर्व), विपुस्था, लोकायुक्त कार्यालय, भोपाल, को दिनांक 23 से 28 मई 2011 तक कुल छः दिवस का अर्जित अवकाश दिनांक 21, 22 एवं 29 मई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) उक्त अवकाश अवधि में श्रीमती सुषमा सिंह, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (पूर्व), विपुस्था, लोकायुक्त कार्यालय, भोपाल का कार्य श्री अशोक अवस्थी, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, (पश्चिम) विपुस्था, लोकायुक्त कार्यालय, भोपाल द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) श्रीमती सुषमा सिंह, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (पूर्व), विपुस्था, लोकायुक्त कार्यालय, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर इनके अवकाश अवधि में इनके दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देशित अधिकारी उक्त प्रभार से स्वमेव मुक्त होंगे.

(4) अवकाश से लौटने पर श्रीमती सुषमा सिंह, भापुसे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक (पूर्व), विपुस्था, लोकायुक्त कार्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती सुषमा सिंह, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती सुषमा सिंह, भापुसे अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर बनी रहतीं.

क्र. एफ-1(ए)391-88-ब-2-दो.—श्री विजय यादव, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, पु.मु. भोपाल, मध्यप्रदेश को दिनांक 1 से 31 मई 2011 तक कुल तीस दिवस का अर्जित अवकाश दिनांक 1 मई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) उक्त अवकाश अवधि में श्री विजय यादव, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, पु.मु., भोपाल, मध्यप्रदेश का कार्य श्री के. टी. वाइफे, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, (प्रशि./अभियान) पु.मु, भोपाल, मध्यप्रदेश द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) श्री विजय यादव, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, पु.मु., भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर इनके अवकाश अवधि में इनके दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देशित अधिकारी उक्त प्रभार से स्वमेव मुक्त होंगे.

(4) अवकाश से लौटने पर श्री विजय यादव, भापुसे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक विसबल, पु.मु., भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) अवकाशकाल में श्री विजय यादव, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री विजय यादव, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 10 मई 2011

क्र. एफ-1(ए)253-88-ब-2-दो.— इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 23 अक्टूबर 2003 द्वारा डॉ. आर. के. गर्ग, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (रेल), मध्यप्रदेश, भोपाल को दिनांक 28 अक्टूबर 2003 से 12 दिनांक दिसम्बर 2003 तक कुल छियालीस दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था.

(2) डॉ. गर्ग, भापुसे द्वारा उक्त स्वीकृत अर्जित अवकाश में से दिनांक 30 नवम्बर 2003 से 12 दिसम्बर 2003 तक कुल तेरह दिवस के अर्जित अवकाश का उपभोग न किये जाने के कारण तेरह दिवस का अर्जित अवकाश निरस्त किया जाता है. निरस्त किया गया अवकाश इनके अवकाश खाते में समायोजित किया जावेगा.

(3) पूर्व समसंख्यक आदेश दिनांक 23 अक्टूबर 2003 की शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी.

क्र. एफ-1(ए)85-99-ब-2-दो.—श्री वेदप्रकाश शर्मा, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, रतलाम रेंज, रतलाम, मध्यप्रदेश को दिनांक 23 मई 2011 से 4 जून 2011 तक कुल तेरह दिवस का अर्जित अवकाश दिनांक 21, 22 मई 2011 एवं 5 जून 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) उक्त अवकाश अवधि में श्री वेदप्रकाश शर्मा, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, रतलाम रेंज, रतलाम, मध्यप्रदेश का कार्य श्री रमन सिंह सिकरवार, भापुसे, पुलिस अधीक्षक, रतलाम, मध्यप्रदेश द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) श्री वेदप्रकाश शर्मा, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, रतलाम रेंज, रतलाम, मध्यप्रदेश का कार्यभार ग्रहण करने पर इनके अवकाश अवधि में इनके दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देशित अधिकारी उक्त प्रभार से स्वमेव मुक्त होंगे.

(4) अवकाश से लौटने पर श्री वेदप्रकाश शर्मा, भापुसे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप पुलिस महानिरीक्षक, रतलाम रेंज, रतलाम, मध्यप्रदेश के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) अवकाशकाल में श्री वेदप्रकाश शर्मा, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री वेदप्रकाश शर्मा, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ-1(ए)253-88-ब-2-दो.—राज्य शासन द्वारा श्री आर. के. गर्ग, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (रेल), मध्यप्रदेश, भोपाल को दिनांक 24 अक्टूबर 2006 से 26 नवम्बर 2006 तक कुल चौंतीस दिवस के लघुकृत अवकाश की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है.

(2) उक्त अवकाश के एवज में इनके लघुकृत अवकाश खाते से अड़सठ दिवस का अर्द्धवैतनिक अवकाश घटाया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री आर. के. गर्ग, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

क्र. एफ-1(ए)253-88-ब-2-दो.—राज्य शासन द्वारा डॉ. आर. के. गर्ग, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (रेल), मध्यप्रदेश, भोपाल को दिनांक 3 से 28 सितम्बर 2003 तक कुल सत्ताईस दिवस के अर्जित अवकाश की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाशकाल में डॉ. आर. के. गर्ग, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. आर. के. गर्ग, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ-1(ए)347-85-ब-2-दो.— श्री आर. के. शुक्ला, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक, गुप्तवार्ता, पुमु., भोपाल को दिनांक 23 मई 2011 से 1 जून 2011 तक कुल दस दिवस की स्वीकृत अर्जित अवकाश अवधि में राज्य शासन द्वारा खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2010-11 में गृह नगर अवकाश यात्रा के बदले में अवकाश यात्रा सुविधा की पात्रता के तहत सपरिवार ''लेह/ जम्मू एवं कश्मीर'' परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ अवकाश यात्रा पर जाने की अनुमति प्रदान की जाती है :—

1.	श्री आर. के. शुक्ला	स्वयं
2.	श्रीमती नीलम शुक्ला	पत्नी
3.	कु. श्रेष्ठा शुक्ला	पुत्री
4.	कु. प्रतिष्ठा शुक्ला	पुत्री

(2) उक्त यात्रा हेतु श्री आर. के. शुक्ला, भापुसे को दस दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(3) उक्त अवकाश अवधि में श्री आर. के. शुक्ला, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक, गुप्तवार्ता, पु.मु., भोपाल का कार्य श्री अनिल कुमार, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (गुप्तवार्ता), पु.मु, भोपाल द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(4) अवकाश से लौटने पर श्री आर. के. शुक्ला, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न अति. पुलिस महानिदेशक, ((गुप्तवार्ता), पु.मु., भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) श्री आर. के. शुक्ला, भापुसे, पुलिस अधीक्षक, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (3) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव-अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(6) अवकाशकाल में श्री आर. के. शुक्ला, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(7) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आर. के. शुक्ला, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ-1(ए)176-97-ब-2-दो.— श्री के. पी. वेंकटेश्वर राव, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, पु.मु., भोपाल को दिनांक 29 अप्रैल से 13 मई 2011 तक कुल पन्द्रह दिवस का अर्जित अवकाश दिनांक 14 एवं 15 मई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री के. पी. वेंकटेश्वर राव, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न उप पुलिस महानिरीक्षक, पु.मु., भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री के. पी. वेंकटेश्वर राव, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. पी. वेंकटेश्वर राव, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ-1(ए) 164-1994-ब-2-दो.—सुश्री सोनाली मिश्रा, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, जबलपुर को The Second Course of Phase-IV Mid Career Training Programme Phase में दिनांक 16 मई 2011 से 24 जून 2011 तक राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में एवं दिनांक 27 जून 2011 से 8 जुलाई 2011 तक केम्ब्रीज यूनिवर्सिटी, यू. के. लंदन में प्रशिक्षण उपरान्त दिनांक 11 से 15 जुलाई 2011 तक कुल पांच दिवस का अर्जित अवकाश (Ex-India) दिनांक 16 एवं 17 जुलाई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ निम्नलिखित शर्तों के तहत स्वीकृत किया जाता है :—

1. विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला व्यय वे स्वयं वहन करेंगे, राज्य शासन नहीं.
2. विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे.
3. विदेश में कोई Assignment नहीं लेंगे.

(2) उक्त अवकाश अवधि में सुश्री सोनाली मिश्रा, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, जबलपुर का कार्य श्री संतोष सिंह, भापुसे, पुलिस अधीक्षक, जबलपुर द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर सुश्री सोनाली मिश्रा, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न उप पुलिस महानिरीक्षक, जबलपुर के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) सुश्री सोनाली मिश्रा, भापुसे द्वारा अपना कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव उप पुलिस महानिरीक्षक, जबलपुर के कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में सुश्री सोनाली मिश्रा, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि सुश्री सोनाली मिश्रा, भापुसे अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर बनी रहतीं.

क्र. एफ-1(ए) 274-86-ब-2-दो.—श्री के. एल. मीणा, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, (यातायात) पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, पु.मु.,भोपाल, मध्यप्रदेश को दिनांक 16 मई से 10 जून 2011 तक कुल छब्बीस दिवस का अर्जित अवकाश दिनांक 14, 15 मई 2011 एवं 11, 12 जून 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) उक्त अवकाश अवधि में श्री के. एल. मीणा, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, (यातायात) पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, पु.मु., भोपाल, मध्यप्रदेश का कार्य श्री बी. बी. एस. ठाकुर, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, (अ.अ.वि.), पु.मु., भोपाल, मध्यप्रदेश द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) श्री के. एल. मीणा, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, (यातायात) पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, पु.मु., भोपाल, मध्यप्रदेश का कार्यभार ग्रहण करने पर इनके अवकाश अवधि में इनके दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देशित अधिकारी उक्त प्रभार से स्वमेव मुक्त होंगे.

(4) अवकाश से लौटने पर श्री के. एल. मीणा, भापुसे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, (यातायात) पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, पु.मु., भोपाल, मध्यप्रदेश के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(5) अवकाशकाल में श्री के. एल. मीणा, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. एल. मीणा, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 11 मई 2011

क्र. एफ-1(ए)162-1994-ब-2-दो.—श्री आदर्श कटियार, भापुसे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, भोपाल को The Second Course of Phase-IV Mid Career Training Programme में दिनांक 16 मई से 24 जून 2011 तक राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में एवं दिनांक 27 जून 2011 से 8 जुलाई 2011 तक केम्ब्रीज यूनिवर्सिटी, यू. के. लंदन में प्रशिक्षण उपरान्त दिनांक 11 से 15 जुलाई 2011 तक कुल पांच दिवस का अर्जित अवकाश (Ex-India) दिनांक 9, 10, 16 एवं 17 जुलाई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ निम्नलिखित शर्तों के तहत स्वीकृत किया जाता है :—

1. विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला व्यय वे स्वयं वहन करेंगे, राज्य शासन नहीं.
2. विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे.
3. विदेश में कोई Assignment नहीं लेंगे.

(2) उक्त अवकाश अवधि में श्री आदर्श कटियार, भापुसे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, भोपाल का कार्य श्री योगेश चौधरी, भापुसे, पुलिस अधीक्षक, भोपाल द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री आदर्श कटियार, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, भोपाल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री आदर्श कटियार, भापुसे द्वारा अपना कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, भोपाल के कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री आदर्श कटियार, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आदर्श कटियार, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक दास, प्रमुख सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 9 मई 2011

फा. क्र. 17 (ई) 156-05-इक्कीस-ब (दो) .—राज्य शासन श्री सोनेराम यादव, नोटरी, निवास-सदर बाजार विजयपुर, जिला श्योपुर, (म. प्र.) का नोटरी अधिनियम, 1952 तथा नोटरी नियम, 1956 के सहपठित नियम 13 के अन्तर्गत नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र का नवीकरण आदेश क्रमांक फा. क्रमांक 17 (ई) 156-05-इक्कीस-ब(दो), दिनांक 4 जून 2005 तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाकर उनका नाम नोटरी पंजी से कम किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. जे. खान, सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 6 मई 2011

फा. क्र. 17(ई)-83-03-इक्कीस-ब(एक).—विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 153 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना एफ. क्र. 17(ई)-83-03-इक्कीस-ब(1), दिनांक 16 सितम्बर 2010 में निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 1, 4, 12, 13, 18, 25, 29, 36, 38, 39, 49, 66, 70, 73, 76, 79, 85, 90, 92, 98 और 101 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

सारणी

अनुक्रमांक	सिविल जिले का नाम	विशेष न्यायालय का नाम	विशेष न्यायालय की क्षेत्रीय अधिकारिता (विद्युत् क्षेत्र के अनुसार)
(1)	(2)	(3)	(4)
"1.	अलीराजपुर	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, अलीराजपुर.	अलीराजपुर का विद्युत् क्षेत्र
4.	अशोकनगर	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, अशोकनगर.	अशोकनगर का विद्युत् क्षेत्र
12.	भिण्ड	चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, भिण्ड.	सिविल जिला भिण्ड का समस्त विद्युत् क्षेत्र (अनुक्रमांक 13 एवं 14 के विशेष न्यायालय की अधिकारिता को छोड़कर).
13.	भिण्ड	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, लहार	लहार का विद्युत् क्षेत्र
18.	छतरपुर	षष्टम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट) छतरपुर.	सिविल जिला छतरपुर का समस्त विद्युत् क्षेत्र (अनुक्रमांक 19 तथा 20 के विशेष न्यायालय की अधिकारिता को छोड़कर).
25.	दतिया	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सेवढ़ा	सेवढ़ा का विद्युत् क्षेत्र
29.	धार	चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, धार.	सिविल जिला धार का समस्त विद्युत् क्षेत्र (अनुक्रमांक 30, 31 तथा 32 के विशेष न्यायालय की अधिकारिता को छोड़कर).
36.	गुना	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, गुना.	सिविल जिला गुना का समस्त विद्युत् क्षेत्र (अनुक्रमांक 37 के विशेष न्यायालय की अधिकारिता को छोड़कर).

(1)	(2)	(3)	(4)
39.	ग्वालियर	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्रमांक 4.	उत्तर तथा पूर्व संभाग के समस्त उपसंभाग
49.	इन्दौर	चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), महू.	महू का विद्युत् क्षेत्र
66.	नीमच	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), नीमच.	सिविल जिला नीमच के समस्त विद्युत् क्षेत्र (अनुक्रमांक 67 के विशेष न्यायालय की अधिकारिता को छोड़कर).
70.	रायसेन	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, रायसेन.	सिविल जिला रायसेन के समस्त विद्युत् क्षेत्र (अनुक्रमांक 71 के विशेष न्यायालय की अधिकारिता को छोड़कर).
73.	राजगढ़	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), ब्यावरा के अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश.	ब्यावरा का विद्युत् क्षेत्र
76.	रतलाम	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), जावरा.	जावरा, आलोट तथा सैलाना का विद्युत् क्षेत्र
79.	रीवा	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), मऊगंज.	मऊगंज का विद्युत् क्षेत्र
85.	सतना	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, मैहर	मैहर एवं अमरपाटन का विद्युत् क्षेत्र
90.	सिवनी	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, लखनादौन.	लखनादौन का विद्युत् क्षेत्र
92.	शहडोल	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, ब्यौहारी	ब्यौहारी का विद्युत् क्षेत्र
98.	शिवपुरी	तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, शिवपुरी.	सिविल जिला शिवपुरी के समस्त विद्युत् क्षेत्र (अनुक्रमांक 99 तथा 100 के विशेष न्यायालय की अधिकारिता को छोड़कर).
101.	सीधी	तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), सीधी.	सिविल जिला सीधी का समस्त विद्युत् क्षेत्र''

टिप्पणी.—विशेष न्यायालय में लंबित मामले उनकी क्षेत्रीय अधिकारिता के अनुसार नवीन गठित न्यायालय में अंतरित हो जायेंगे.

F.No. 17(E) 83-03-XXI-B(one).—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 153 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh hereby makes the following amendments in this Department's Notification F. No. 17(E) 83-03-XXI-B-1, dated 16th September, 2010, namely:—

AMENDMENTS

In the said notification, in the table, for serial numbers 1, 4, 12, 13, 18, 25, 29, 36, 38, 39, 49, 66, 70, 73,

76, 79, 85, 90, 92, 98 and 101 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

TABLE

S. No.	Name of Civil District	Name of Special Court	Territorial jurisdiction of Special Court (According to the Electricity Area)
(1)	(2)	(3)	(4)
"1.	Alirajpur	Additional Sessions Judge, Alirajpur.	Electricity area of Alirajpur
4.	Ashoknagar	IInd Additional Sesssions Judge, Ashoknagar.	Electricity area of Ashoknagar
12.	Bhind	IVth Additional Sessions Judge, Bhind.	All electricity area of Civil District Bhind (excluding the jurisdiction of Special Court at serial number 13 and 14).
13.	Bhind	Additional Sessions Judge, Lahar	Electricity area of Lahar
18.	Chhatarpur	VIth Additional Sessions Judge, (Fast Track Court), Chhatarpur.	All electricity area of Civil District Chhatarpur (excluding the jurisdiction of Special Court at serial number 19 and 20).
25.	Datia	Additional Sessions Judge, Seondha.	Electricity area of Seondha
29.	Dhar	IVth Additional Sessions Judge, Dhar.	Jurisdiction of Special Court at serial number.
36.	Guna	1st Additional Sessions Judge, Guna.	All electricity area of Civil District Guna (excluding the jurisdiction of Special Court at serial number 37).
38.	Gwalior	Additional Sessins Judge, Special Court No. 3	All Sub-Division of South and Central Division, (Excluding the territorial jurisdiction of Special Court at serial No. 39 and Dabra).
39.	Gwalior	Additional Sessions Judge Special Court No. 4.	All Sub-divisions of North and East division.
49.	Indore	IVth Additional Sessions Judge, (Fast Track Court), Mhow.	Electricity area of Mhow
66.	Neemuch	IInd Additional Sessions Judge, (Fast Track Court), Neemuch	All electricity area of Civil District Neemuch (excluding the jurisdiction of Special Court at serial number 67).
70.	Raisen	IInd Additional Sessions Judge, Raisen.	All electricity area of Civil District Raisen (excluding the jurisdiction of Special Court at serial number 71).

(1)	(2)	(3)	(4)
73.	Rajgarh	Additional Sessions Judge to the IInd Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Bioara.	Electricity area of Bioara
76.	Ratlam	IInd Additional Sessions Judge, (Fast Track Court), Jaora.	Jaora, Alot and Sailana
79.	Rewa	IInd Additional Sessions Judge, Mauganj.	Electricity area of Mauganj
85.	Satna	Additional Sessions Judge, Maihar.	Electricity area of Maihar and Amarpatan
90.	Seoni	Additional Sessions Judge, Lakhnadoan.	Electricity area of Lakhnadoan
92.	Shahdol	Additional Sessions Judge, Beohari.	Electricity area of Beohari
98.	Shivpuri	IIIrd Additional Sessions Judge, Shivpuri.	All electricity area of Civil District Shivpuri (excluding the jurisdiction of Special Court at serial number 99 and 100).
101.	Sidhi	IIIrd Additional Sessions Judge, (Fast Track Court), Sidhi.	All electricity area of Civil District Sidhi."

Note.—The pending cases of the Special Court shall be stand transferred to the newly constituted court according to their territorial jurisdiction.

फा. क्र. 17(ई)-83-03-इक्कीस-ब(एक).—विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 153 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना एफ क्र. 17(ई)-83-03-इक्कीस-ब(1), दिनांक 16 सितम्बर 2010 में निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 1, 4, 12, 13, 18, 25, 27, 29, 36, 49, 66, 70, 73, 76, 79, 85, 90, 92, 98, 101 और 107 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

सारणी

अनुक्रमांक	सिविल जिले का नाम	विशेष न्यायालय का नाम	विशेष न्यायालय के न्यायाधीश का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
"1.	अलीराजपुर	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, अलीराजपुर.	श्री रमेश मावी, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, अलीराजपुर.

(1)	(2)	(3)	(4)
4.	अशोकनगर	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, अशोकनगर.	श्री ललित किशोर, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, अशोकनगर.
12.	भिण्ड	चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, भिण्ड.	श्री अजीत सिंह, चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश भिण्ड.
13.	भिण्ड	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, लहार	श्री एन. एस. दीक्षित, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, लहार.
18.	छतरपुर	षष्टम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), छतरपुर.	कु. निर्मला चावड़ा, षष्टम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), छतरपुर.
25.	दतिया	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सेवढ़ा	श्री राजेन्द्र कुमार गोंदले, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सेवढ़ा.
27.	देवास	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सोनकच्छ.	श्री आर. आर. भारतीय, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सोनकच्छ.
29.	धार	चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, धार.	कु. किरण गोहर, चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, धार.
36.	गुना	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, गुना.	श्री आर. पी. मनकेलिया, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, गुना.
49.	इन्दौर	चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), महू	श्री आशीष दीक्षित, चतुर्थ अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), महू.
66.	नीमच	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), नीमच.	श्री कमल जोशी, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), नीमच
70.	रायसेन	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, रायसेन.	श्री बी. पी. चतुर्वेदी, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, रायसेन.
73.	राजगढ़	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), ब्यावरा के अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश.	श्री सुरेश कुमार आरसे, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), ब्यावरा के अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश.
76.	रतलाम	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), जावरा.	श्री महेन्द्र कुमार जैन, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), जावरा.
79.	रीवा	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), मऊगंज.	श्री आर. के. भद्रसेन, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), मऊगंज.
85.	सतना	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), मैहर.	श्री आर. एस. शर्मा, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक कोर्ट), मैहर.

(1)	(2)	(3)	(4)
90.	सिवनी	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, लखनादौन.	कु. कल्पना उपाध्याय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, लखनादौन.
92.	शहडोल	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, ब्यौहारी	श्री यू. सी. मिश्रा, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, ब्यौहारी.
98.	शिवपुरी	तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, शिवपुरी.	श्री एम. एच. अंसारी, तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, शिवपुरी.
101.	सीधी	तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), सीधी.	श्री बी.पी. मरकाम, तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक कोर्ट), सीधी.
107.	विदिशा	तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), विदिशा.	श्री आर. बी. गुप्ता, तृतीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक कोर्ट), विदिशा.".

F.No. 17(E) 83-03-XXI-B-1.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 153 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh hereby makes the following amendments in this Department's Notification F. No. I7(E) 83-03-XXI-B-1, dated 16th September, 2010, namely:—

AMENDMENTS

In the said notification, in the table, for serial numbers I, 4, 12, 13, 18, 25, 27, 29, 36, 49, 66, 70, 73, 76, 79, 85, 90, 92, 98, 10I and 107 entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

TABLE

S. No.	Name of Civil District	Name of Special Court	Name of the Judge of the Special Court
(1)	(2)	(3)	(4)
"1.	Alirajpur	IInd Additional Sessions Judge, Alirajpur.	Shri Ramesh Mavi, IInd Additional Sessions Judge, Alirajpur.
4.	Ashoknagar	IInd Additional Sesssions Judge, Ashoknagar.	Shri Lalit Kishore, IInd Additional Sessions Judge, Ashoknagar.
12.	Bhind	IVth Additional Sessions Judge, Bhind.	Shri Ajit Singh, IVth Additional Sessions Judge, Bhind.
13.	Bhind	Additional Sessions Judge, Bhind	Shri N. S. Dixit Additional Sessions Judge, Bhind.
18.	Chhatarpur	VIth Additional Sessions Judge, (Fast Track Court), Chhatarpur	Ku. Nirmala Chavda, VIth Addidional Sessions Judge (Fast Track Court), Chhatarpur.
25.	Datia	Additional Sessions Judge, Seondha.	Shri Rajendra Kumar, Gondle, Additional Sessions Judge, Seondha.

(1)	(2)	(3)	(4)
27.	Dewas	Additional Sessions Judge, Sonkatch.	Shri R. R. Bhartiya, Additional Sessions Judge, Sonkatch.
29.	Dhar	IVth Additional Sessions Judge, Dhar.	Ku. Kiran Gohar, IVth Additional Sessions Judge, Dhar.
36.	Guna	Ist Additional Sessions Judge, Guna.	Shri R. P. Mankalyia, Ist Additional Sessions Judge, Guna.
49.	Indore	IVth Additional Sessions Judge, (Fast Track Court), Mhow.	Shri Ashish Dixit, IVth Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Mhow.
66.	Neemuch	IInd Additional Sessions Judge, (Fast Track Court), Neemuch	Shri Kamal Joshi, IInd Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Neemuch.
70.	Raisen	IInd Additional Sessions Judge, Raisen.	Shri B. P. Chaturvedi, IInd Additional Sessions Judge, Raisen.
73.	Rajgarh	Additional Sessions Judge to the IInd Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Bioara.	Shri Suresh Kumar Arsey, Additional Sessions Judge to the IInd Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Bioara.
76.	Ratlam	IInd Additional Sessions Judge, (Fast Track Court), Jaora.	Shri Mahendra Kumar Jain, IInd Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Jaora.
79.	Rewa	IInd Additional Sessions Judge, (Fast Track Court), Mauganj	Shri R. K. Bhadsen, IInd Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Mauganj.
85.	Satna	Additional Sessions Judge, Maihar.	Shri R.S. Sharma Additional Sessions Judge, Maihar.
90.	Seoni	Additional Sessions Judge, Lakhnadoan.	Ku. Kalpna Upadhyay, Additional Sessions Judge, Lakhnadoan.
92.	Shahdol	Additional Sessions Judge, Beohari.	Shri U. C. Mishra, Additional Sessions Judge, Beohari.
98.	Shivpuri	IIIrd Additional Sessions Judge, Shivpuri.	Shri M. H. Ansari, IIIrd Additional Sessions Judge, Shivpuri.
101.	Sidhi	IIIrd Additional Sessions Judge, (Fast Track Court), Sidhi.	Shri B. P. Markam, IIIrd Additional Sessions Judge (Fast Track Court), Sidhi.
107.	Vidisha	IIIrd Additional Sessions Judge, Vidisha.	Shri R. B. Gupta, IIIrd Additional Sessions Judge Vidisha.".

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. मिश्रा, प्रमुख सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला होशंगाबाद , मध्यप्रदेश

होशंगाबाद, दिनांक 3 मई 2011

पत्र क्र. 6312-सां.लि.-2011.—सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह (पुलिस) विभाग, के पत्र क्रमांक एफ-2(क)/9/08/बी-3/दो/ दिनांक 30 जुलाई 2010 से जिले के भीतर थानों/चौकियों की सीमाओं के निर्धारण का अधिकार जिला कलेक्टर समिति को दिये गये हैं.

शासन के उक्त निर्देशों के तहत थानों की ग्रामों से दूरी को दृष्टिगत रखते हुये थाना सोहागपुर के निम्नलिखित 10 ग्राम थाना-पिपरिया में तथा थाना-पिपरिया के 20 ग्राम थाना-सोहागपुर में सम्मिलित किये जा रहे हैं:—

थाना सोहागपुर के निम्न 10 ग्राम थाना-पिपरिया में सम्मिलत करने हेतु.

क्रमांक (1)	ग्राम का नाम (2)
1.	खैरी कला
2.	मुहारी कला
3.	मुहारी खुर्द
4.	हथनीखापा
5.	सांगई
6.	कूकरा
7.	पट्टल
8.	सोनपुर
9.	नांदनेर
10	परसीपानी

थाना-पिपरिया के निम्न 20 गांव थाना-सोहागपुर में सम्मिलित करने हेतु.

क्रमांक (1)	ग्राम का नाम (2)
1.	तालाखेड़ी
2.	भट्टी
3.	निवारी
4.	काजलखेड़ी
5.	ढिकवाडा
6.	अजेरा
7.	माछा
8.	बैगनिया
9.	पांजरा
10.	छिरमटा
11.	मोकलवाडी
12.	बढैयाखेड़ी
13.	चंदेरी
14.	अजनेरी
15.	भौखेड़ी
16.	रानी पिपरिया
17.	रनमौथा
18.	तिघडा
19.	बरुआढाना
20.	रैपुरा

निशांत वरवड़े, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

''निर्वाचन भवन''

58, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश

भोपाल, दिनांक 7 मई 2011

आदेश

क्र. एफ. 67-91-10-तीन-682—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन

में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार **अध्यक्ष** का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

